Title : Need to improve rail connectivity to Mau District, Uttar Pradesh-Laid

श्री राजीव राय **(घोसी) :** मैं सरकार का ध्यान जिला मऊ की जनता की परेशानियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । मऊ के अधिकांश लोग हैंडलूम एवं पावरलूम के कारोबार से जुड़े हुए हैं । कारोबार के सिलसिले में उन्हें मऊ से दक्षिण भारत के अनेक क्षेत्रों, उत्तर भारत के अनेक क्षेत्रों एवं दिल्ली और मुम्बई जाना पड़ता है, लेकिन पर्याप्त ट्रेन सेवा न होने के कारण उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित होता है और उन्हें आर्थिक हानि भी होती है । मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि जिला मऊ के हैंडलूम एवं पावरलूम कारोबारियों को पर्याप्त ट्रेन सेवा न होने के कारण बड़े व्यावसायिक क्षेत्रों से संपर्क बिगड़ता जा रहा है, जिससे कठोर परिश्रम करने के बावजूद उनकी माली हालत बिगड़ती ही जा रही है ।

अतः मैं सरकार से पुरजोर अपील करता हूँ कि मऊ स्टेशन से एक नई ट्रेन दक्षिण भारत के लिए और मऊ स्टेशन से एक वन्दे भारत ट्रेन दिल्ली एवं मुम्बई के लिए शीघ्रताशीघ्र आरम्भ की जाये । साथ ही लोकमान्य तिलक ट्रेन जो मुम्बई तक जाती है, को साप्ताहिक के स्थान पर प्रतिदिन चलाया जाए । राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन जो गाजीपुर-बलिया तक जाती है, को मऊ रेलवे स्टेशन तक चलाया जाए ।

मऊ हैंडलूम एवं पावरलूम के कारोबारियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए दोहरीघाट रेलवे स्टेशन से एक इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को प्रयागराज रेलवे स्टेशन तक चलाया जाए ।